आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 24.07.2026 समय : 07.10 PM

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पेपर लीक मामलों में फास्ट ट्रैक न्यायालय बनाने वाले विधेयक को दी मंजूरी, अगले सप्ताह संसद में हो सकता है पेश।
- छात्र आंदोलन पर केंद्र सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच दूसरे दौर की बातचीत, सरकार ने मानी दो अहम शर्तें।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बोले, युवाओं के भविष्य की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पन्ना में करीब 185 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन और लोकार्पण।

**पीएम मोदी- पेपर लीक**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों के लिए फास्ट ट्रैक न्यायालय बनाने वाले मसौदा विधेयक को मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दी गई। इस विधेयक को अगले सप्ताह संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी ने कल एक वीडियो संदेश में इस विधेयक की घोषणा की थी और पेपर लीक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया था।

**छात्रों और सरकार की बातचीत**

छात्र आंदोलन को लेकर केंद्र सरकार और प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच आज दूसरे दौर की बातचीत हुई। नई दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने छात्र संगठन सीजेपी के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। सरकार ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर कानूनी कार्रवाई न करने और प्रभावित छात्रों के परिवारों को मुआवजा देने की दो शर्तें मान ली हैं। नड्डा ने बताया कि छात्रों ने तीन प्रमुख मांगें और परीक्षा सुधार के पांच सुझाव रखे हैं। इन पर कल दोपहर फिर बैठक होगी।

**सोनम वा[illegible]चुक- अनशन समाप्त**

सोनम वांगचुक ने अपना अनशन समाप्त कर दिया है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में वांगचुक से मुलाकात की थी। इसके बाद वांगचुक ने छात्रों की चिंताओं पर सरकार के भरोसे के बाद अनशन खत्म करने का फैसला लिया।

**सीएम- छात्र प्रदर्शन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं के हित में शिक्षा और रोजगार से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के चारों महानगरों- भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में ऐसे फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष पन्ना मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण किया जाएगा। इससे नीट के अभ्यर्थियों को डॉक्टर बनने का अवसर मिलेगा।

**सिंधिया- दतिया**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज ग्वालियर और दतिया जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने सुबह मां पीताम्बरा पीठ पहुंचकर मां बगलामुखी के दर्शन किए। इसके बाद वे दतिया उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। ग्वालियर में श्री सिंधिया ने नीट पेपर लीक मामले पर प्रतिक्रिया भी दी। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की जा रही है। श्री सिंधिया ने कहा-

**राष्ट्रपति- बुखारेस्ट**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज बुखारेस्ट में भारत-रोमानिया व्यापार मंच को संबोधित किया। इस दौरान रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन सहित दोनों देशों के व्यापारिक प्रतिनिधि मौजूद थे। राष्ट्रपति ने कहा कि रोमानिया अपनी रणनीतिक स्थिति और कुशल मानव संसाधन के कारण भारत का महत्वपूर्ण साझेदार है। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल तकनीक और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग की संभावनाओं पर भी बात की।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 136वां एपिसोड 26 जुलाई को प्रसारित होगा। यह कार्यक्रम हमेशा की तरह सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी, दूरदर्शन और अन्य डिजिटल नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आमतौर पर राष्ट्र निर्माण, युवा शक्ति, नवाचार, खेल और पर्यावरण जैसे विषयों पर बात करते हैं। वे देश के कोने-कोने में समाज सेवा कर रहे गुमनाम नायकों के प्रेरणादायक विचारों को भी देश के सामने रखते हैं।

**सीएम- पन्ना दौरा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पन्ना जिले के होमगार्ड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में 184 करोड़ 83 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्रदेश के 35 लाख से अधिक पेंशन हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से 210 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भी अंतरित की। पन्ना में मंच से लोगों को संबोधित करते डॉ. यादव ने कहा कि बुंदेलखंड के किसानों के बेहतर भविष्य के लिए लगभग एक लाख करोड़ रुपए की लागत से केन-बेतवा लिंक परियोजना को साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा-

**रेल मन्त्री- सुरक्षा उपाय**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेलवे में सुरक्षा को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जाती है। राज्यसभा में उन्होंने बताया कि गंभीर ट्रेन दुर्घटनाओं की संख्या 2014-15 में 135 थी, जो इस वित्त वर्ष में घटकर सिर्फ दो रह गई है। मंत्री ने कहा कि सुरक्षा पर होने वाला खर्च 2013-14 के करीब 39 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 2026-27 में एक लाख 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है।

**विश्वास सारङ्ग- रोइङ्ग फेडरेशन मुलाकात**

रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव सुभाषित मुखर्जी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज भोपाल में खेल मंत्री विश्वास सारंग से मुलाकात की। इस दौरान 2027 की एशियन रोइंग चैंपियनशिप और एशियन रोइंग कप-1 की मेजबानी के लिए भोपाल की दावेदारी पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भोपाल का बड़ा तालाब इस आयोजन के लिए भारत का सबसे मजबूत विकल्प है। मंत्री सारंग ने कहा कि भोपाल को यह मेजबानी दिलाने के लिए राज्य सरकार पूरा सहयोग देगी। उन्होंने कहा कि अगर यह आयोजन भोपाल को मिलता है तो यह प्रदेश के लिए गर्व की बात होगी।

**ईडी- गिरफ्तारी**

प्रवर्तन निदेशालय के इंदौर कार्यालय ने करीब 70 करोड़ रुपये मूल्य के मेफेड्रोन ड्रग तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला करीब 70 किलोग्राम मेफेड्रोन की अवैध तस्करी से जुड़ा है। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने ड्रग तस्करी से कमाए पैसे को कई बैंक खातों के जरिए इस्तेमाल किया। ईडी ने 17 जुलाई को इंदौर और मंदसौर में कई ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया था, जिसमें अहम दस्तावेज और सबूत जब्त किए गए थे।

**नशे से दूरी अभियान**

प्रसिद्ध हरियाणवी सिंगर रेणुका पंवार इंदौर पुलिस के "नशे से दूरी है जरूरी 2.0" अभियान से जुड़ी हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की है। पंवार ने कहा कि स्वस्थ शरीर और सकारात्मक सोच ही सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा -

**कैच द रेन**

प्रदेश में 'कैच द रेन' और 'जल संचय जन भागीदारी' अभियान के तहत बड़े पैमाने पर काम चल रहा है। राज्य सरकार इसे 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के रूप में आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर 21 जुलाई से 4 अगस्त तक 'पेयजल का सम्मान और संरक्षण' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में 'जल अर्पण दिवस' और 'लोक जल उत्सव' मनाए जा रहे हैं। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और इंदौर सहित प्रमुख जिलों के सरकारी भवनों में रूफटॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी लगाए जा रहे हैं।

**मौसम का हाल**

अब बात मौसम की। प्रदेश में मानसून ने फिर रफ्तार पकड़ ली है। मौसम विभाग ने श्योपुर, मंदसौर, रतलाम, आलीराजपुर और पन्ना जिले के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की। इन जिलों में अगले चौबीस घंटों में करीब चार इंच तक बारिश हो सकती है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन सहित 40 से ज्यादा जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि जुलाई के अंतिम सप्ताह में भी बारिश की गतिविधियां तेज बनी रहेंगी।

संक्षिप्त समाचार

- कटनी जिले की प्राथमिक शालाओं में 'निपुण भारत मिशन' के द्वितीय चरण की शुरुआत कर दी गई है।
- नर्मदापुरम के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।
- **शिवपुरी जिले में** मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज 2026 में सभी स्कूलों के छात्र एवं छात्राएं भाग लेने हेतु 25 जुलाई तक अपना पंजीयन करा सकेंगे।
- खंडवा में दो से चार अगस्त तक आयोजित होने वाले गौरव दिवस समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। कलेक्टर ने इस बारे में समीक्षा बैठक में की।
- कृषि विज्ञान केंद्र बैतूल के द्वारा जिले के 10 विकासखण्डों में पदस्थ कृषि विकास अधिकारियों को 21 से 24 जुलाई तक संस्थागत प्रशिक्षण दिया गया।

- **सागर,** जिले में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जनहानि को की समीक्षा हेतु जिला कलेक्टर कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के मंत्री तथा राजगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने नरसिंहगढ़ में लगभग 42 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया।
- झाबुआ जिले में गंभीर कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार के लिए "मोटी आई 2.0" अभियान अगस्त के प्रथम सप्ताह से शुरू किया जाएगा।
- **मदसौर** में मिशन वात्सल्य अंतर्गत उन्मुखीकरण एवं समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जरूरतमंद बच्चों की पहचान, कुपोषित बच्चों के उपचार सहित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिए गए।

————————